हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 78 देहरादून, बृहस्पतिवार, 12 सितंबर, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



भूमि को विनियमित किये जाने के सम्बंध में गंभीरतापूर्वक हो कार्य : सौरभ बहुगुणा 8

## सड़कों की मरम्मत के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलायें : धामी




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 12 सितंबर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री आर.के. सुधांशु को निर्देश दिए हैं कि बरसात खत्म होने के साथ ही प्रदेश में सड़कों की मरम्मत के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाया जाए। जैसे ही बरसात समाप्त हो सड़कों के सुधार के लिए तीव्र गति से काम किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान के तहत सड़कों के सुधारीकरण के कार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बारिश के कारण जहां भी सड़कें टूटी हैं वहां प्राथमिकता से काम किया जाए।

## मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने आगामी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस की तैयारियों की समीक्षा की



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 12 सितंबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आगामी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस के लिए नोडल अधिकारियों को मैन्यूफैक्चरिंग, सेवाओं, ग्रामीण गैर कृषि, शहरी विकास, रेन्यूएबल एनर्जी तथा सर्कुलर ईकॉनोमी पर अपने फीडबैक नोट्स 20 सितम्बर तक नियोजन विभाग को प्रेषित करने की डेडलाइन दी है। इसके साथ ही सीएस ने राज्य विशेष के सम्बन्ध में नोट्स शासन को भेजने के लिए 25 सितम्बर तक का समय दिया है। मुख्य सचिव ने सभी आईएएस, पीसीएस अधिकारियों के साथ ही विभागाध्यक्षों तथा विभागीय अधिकारियों को अपने फील्ड अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए फीडबैक नोट्स बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलों में जिलाधिकारियों को फीडबैक नोट्स तैयार करते समय अपने अधीनस्थ व फील्ड अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीएस रतूड़ी ने निर्देश दिए कि विशेषरूप से नीति आयोग के आंकाक्षी जिला कार्यक्रमों (Aspirational Districts ) के तहत आने वाले जनपदों ( हरिद्वार व उधमसिंह नगर ) में निम्न सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी नवंबर में माह में आयोजित होने वाली चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस की तैयारियों की दृष्टि से राज्य ने नोडल अधिकारी नामित कर दिए है। नीति आयोग द्वारा चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस के लिए निर्धारित की गई 6 थीम के अनुसार भी प्रत्येक थीम के लिए नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए हैं। राज्य के नोडल अधिकारियों द्वारा केन्द्रीय नोडल मंत्रालयों द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों में प्रतिभाग किया गया है। अभी तक कुल 182 फीडबैक नोट्स प्राप्त हो चुके हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नवंबर में आयोजित होने वाले चौथी मुख्य सचिव कॉन्फ्रेस की तैयारियों के सम्बन्ध में शासन एवं सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, राधिका झा सहित सभी सचिव व वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी मौजूद रहे।

## पहाड़ से मैदान तक 4 दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 12 सितम्बर : मौसम विभाग ने प्रदेश के सात जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 14 सितंबर तक प्रदेश के पर्वतीय जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। पिछले कुछ दिनों में उत्तराखंड के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में कहीं-कहीं भारी बारिश हुई है। लोग उम्मीद कर रहे थे कि जुलाई और अगस्त के बाद सितंबर में मानसून खत्म हो जाएगा, लेकिन विदाई से पहले मॉनसून अपना रंग दिखा रहा है।

मंगलवार को देहरादून में दोपहर भारी बारिश हुई, जिससे कई जगह जलभराव हुआ। उधर बारिश के चलते मसूरी में पर्यटकों की संख्या 80 फीसदी घट गई है। यमुनोत्री क्षेत्र के कई गाँव में भी तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसके अलावा रुद्रप्रयाग में भूस्खलन के कारण 8 यात्री मलबे में दब गए, जिनमें 5 की मौत हो गई और 3 घायल हुए हैं।




मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बागेश्वर में भारी बारिश की संभावना है। इसके साथ ही देहरादून, उधमसिंह नगर, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, चमोली, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में भी कुछ जगहों पर तेज बारिश हो सकती है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने 11 से 14 सितंबर तक उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों के लिए भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि संवेदनशील क्षेत्रों में दिन और रात दोनों समय सतर्कता बरतें।

## अपराधों की काली स्याही से लिखा है कांग्रेस सरकारों का इतिहास : भट्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कानून व्यवस्था को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व अन्य कांग्रेस नेताओं के आरोपों को बेबुनियाद एवं राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों का इतिहास गैंगवार, अफसरों पर हमले और महिला अपराधों की काली स्याही से लिखा हुआ है। बुधवार को मीडिया को जारी बयान में महेंद्र भट्ट ने कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष की बयानबाजियों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में कानून का राज है। अब तक जितनी भी अपराध की घटनाएं सामने आई हैं उन पर तत्काल कठोर कार्रवाई की गई है। भट्ट ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों के अलावा कोई भी नहीं कह सकता कि आरोपियों को लेकर पक्षपात किया गया है, या कार्यवाही में जानबूझकर देरी की गई हो। लगभग सभी दोषी कानून के शिकंजे में हैं और न्यायिक प्रक्रिया से अपनी सजा का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस के नेता झूठ, अफवाह और भ्रम फैलाने की अपनी राष्ट्रीय नीति पर उत्तराखंड में भी अमल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरीश रावत सरकार का कार्यकाल यूपी स्टाइल में हुई गैंगवार, अफसरों पर हमले और महिला अपराधों जैसी कई घटनाओं से दागदार रहा है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन गृहमंत्री प्रीतम सिंह सदन में अपनी अनदेखी का रोना रोते थे और मैदान से लेकर पहाड़ तक क्राइम के भेड़िए खुलेआम घूमते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में आम आदमी तो दूर पुलिस के बड़े बड़े अधिकारी भी सुरक्षित नहीं थे।

## हेलमेट का प्रयोग शत प्रतिशत सुनिश्चित हो : डीएम

नई टिहरी। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम मयूर दीक्षित ने पुलिस व परिवहन विभाग को हेलमेट का प्रयोग शत प्रतिशत सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिया। कहा कि एक्सीडेंट वाली घटनाओं में प्रथम रिस्पांडर को पुरस्कृत किया जाय। पुलिस प्रथम रिस्पांडर को किसी प्रकार से परेशान नहीं करेगी, ना ही प्रथम रिस्पांडर केस व पूछताछ का हिस्सा होगा। जिला सभागार में बुधवार को आयोजित सड़क सुरक्षा की आहुत बैठक में पुलिस व परिवहन विभाग हेलमेट के प्रयोग को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करवाने के लिए चालान व निरीक्षण की कार्रवाई नियमित करें। डीएम ने लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, बीआरओ, पीएमजीएसवाई एवं नगर निकाय के अधिकारियों को सड़कों पर लगाये गये अनावश्यक साइन बोर्डों को हटाने को भी कहा। एआरटीओ संदीप राज ने बताया कि जनपद में गत वर्ष के सापेक्ष सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है पर हताहतों की संख्या में कमी आई है। बैठक में एडीएम केके मिश्रा, सीएमओ डा श्याम विजय, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में शुरू हुआ ई-ऑफिस

देहरादून( आरएनएस)। निदेशालय माध्यमिक शिक्षा में पत्रावलियों के संचालन की भौतिक प्रक्रिया ( मैनुअल प्रोसेस) को बदलकर अब ई-फाइलिंग पद्धति में बदल दिया गया है। भविष्य में अब कोई भी पत्रावली भौतिक रूप से संचालित नहीं की जाएगी। अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती ने बताया कि इस संबंध में निदेशालय माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आईटीडीए के विशेषज्ञों की ओर से ई-ऑफिस संबंधी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जो 10 सितंबर को पूरा हो चुका है। इससे कार्य करने की क्षमता बढ़ेगी, गुणवत्ता परक कार्य के साथ सुधार और पारदर्शिता बढ़ेगी। निदेशालय 11 सितंबर से ई-ऑफिस की पद्धति शुरू कर दी गई है। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि भविष्य में कोई भी पत्रावली भौतिक रूप से संचालित नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान इस दौरान संयुक्त निदेशक डॉ. आनंद भारद्वाज, उप निदेशक मंजू भारती, पंकज शर्मा, रमेश तोमर, आदि मौजूद रहे।

# घर के काम करता है ये अनोखा रोबोट इंसानों की तरह रहेगा आपके साथ


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 12 सितम्बर : घरेलू नौकर तो सभी लोग चाहते हैं, लेकिन आज्ञाकारी नौकर जो हर समय आपकी बात मान सके और आपको हमेशा सम्मान और अपनत्व भी देता रहे, कमी लोगों को खूब खलती है. कई लोग कहते हैं कि ऐसा तो शायद केवल रोबोट ही कर सकेंगे. तोक्या आप अपने घर के लिए एक रोबोट चाहते हैं जो घरेलू नौकर की तरह काम करे? नॉर्वे की एक कंपनी ने आपके घर में रहने के लिए डिजाइन किया गया एक बेचैन करने वाला रोबोट लॉन्च किया है.

NEO बीटा एक मानव जैसा रोबोट है जिसकी हरकतें इंसानों जैसी हैं. डेवलपर्स 1X का कहना है कि वे इस साल लोगों के घरों में अपने कई प्रोटोटाइप बॉट लॉन्च करने जा रहे हैं. NEO की एक टीजर क्लिप में दिखाया गया है कि यह एक महिला को बाहर जाने के लिए तैयार होने में मदद करता है, उसे एक बैग देता है और गले लगाता है.

कंपनी का मानना है कि रोबोट घर के कामों में मदद कर सकता है, साथ ही गोदामों, विनिर्माण और सेवा उद्योग में भी काम कर सकता है. 1X के सीईओ बर्न्ट बोर्निच ने कहाः "भविष्य में जब आपके घर पर आपके कपड़े तह करने वाले मानव जैसे लोग होंगे, तो यह आपकी सोच से कहीं ज़्यादा नजदीक है, और इसकी कीमत ज्यादातर लोगों की कल्पना से कहीं कम होगी. हम इसे अपेक्षाकृत सस्ती कार की कीमत पर बना सकते हैं.

"इस साल, हम शोध और विकास उद्देश्यों के लिए चुनिंदा घरों में सीमित संख्या में NEO इकाइयां तैनात कर रहे हैं." NEO को मॉस, नॉर्वे में कंपनी की फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए डिजाइन किया गया है. 1X ने कहा, "NEO बीटा रोबोटिक्स में एक अहम उन्नति का प्रतिनिधित्व करता है, जो पारंपरिक, कठोर रोबोट से आगे बढ़कर बायो-प्रेरित डिजाइन वाले ह्यूमनॉइड्स की ओर बढ़ रहा है जो लोगों के बीच सुरक्षित रूप से काम कर सकते हैं."



# भारत के 41 शहरों को प्यास बुझाने वाली नदी, जिसमें होता है 22 नदियों का संगम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 12 सितंबर : एशिया की अन्य प्रमुख नदियों की तुलना में, गंगा काफी बड़ी है। गंगा भारत की सबसे लंबी नदी है जिसकी लंबाई 2,510 किलोमीटर है और औसत प्रवाह दर 14,720 m3/s है। गंगा बेसिन 1,000,000 वर्ग किलोमीटर (390,000 वर्ग मील) में फैला हुआ है। नदी की औसत गहराई 52 फीट (17 मीटर) और अधिकतम गहराई 100 फीट (33 मीटर) है।



गंगा भारत में 41 प्रमुख शहरों से गुजरती है। जिसमें उत्तराखंड में ऋषिकेश, हरिद्वार; उत्तर प्रदेश में बिजनौर, फतेहगढ़, कन्नौज, हरदोई, बिठूर, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, कासगंज, फर्रुखाबाद, नरोरा; बिहार में बक्सर, बेगूसराय, भागलपुर, पटना, वैशाली, मुंगेर, खगड़िया, कटिहार; झारखंड में साहिबगंज; पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद, पलाशी, नबद्वीप, शांतिपुर, कोलकाता, सेरामपुर, चिनसुराह, बारानगर, डायमंड हार्बर, हल्दिया, बज बज, हावड़ा, उलुबेरिया, बैरकपुर से होकर गुजरती है।गंगा नदी उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल के देवप्रयाग शहर में भागीरथी और अलकनंदा नदियों के संगम से शुरू होती है। हिंदू संस्कृति और पौराणिक कथाओं में भागीरथी को स्रोत माना जाता है, हालांकि अलकनंदा लंबी है और इसलिए, जल विज्ञान की दृष्टि से स्रोत धारा है।

अलकनंदा के मुख्य जलस्रोत नंदा देवी, त्रिशूल और कामेट जैसी चोटियों से पिघली बर्फ से बनते हैं। भागीरथी 4,356 मीटर (14,291 फीट) की ऊंचाई पर गोमुख में गंगोत्री ग्लेशियर के तल पर उगती है और पौराणिक रूप से शिव की जटाओं में निवास करने के रूप में संदर्भित की जाती है।

हालांकि कई छोटी धाराएं गंगा की मुख्य धाराएं हैं, लेकिन छह सबसे लंबी और उनके पांच संगम पवित्र माने जाते हैं। छह मुख्य धाराएं अलकनंदा, धौलीगंगा, नंदाकिनी, पिंडर, मंदाकिनी और भागीरथी हैं। उनके संगम, जिन्हें पंच प्रयाग के रूप में जाना जाता है, अलकनंदा के किनारे हैं। वे, नीचे की ओर क्रम में, विष्णुप्रयाग हैं, जहां धौलीगंगा अलकनंदा में मिलती है; नंदप्रयाग, जहां नंदाकिनी मिलती है; कर्णप्रयाग, जहां पिंडर मिलती है; रुद्रप्रयाग, जहां मंदाकिनी मिलती है; और अंत में, देवप्रयाग, जहां भागीरथी अलकनंदा में मिलकर गंगा बनती है।

# भारत का इकलौता राज्य, जहां एक दो नहीं बल्कि हैं 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 12 सितम्बर : उत्तर प्रदेश में हाल के सालों में एविएशन सेक्टर में काफी विकास हुआ है। कई शहरों को नए हवाई अड्डे मिले हैं, कुछ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण भी किया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में कई हवाई अड्डे बनाने का काम भी चल रहा है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू, हवाई स्टेशन और सीमा शुल्क सहित 20 से अधिक हवाई अड्डे हैं।उत्तर प्रदेश में देश के सबसे ज्यादा हवाई अड्डे हैं। सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय ही नहीं डोमेस्टिक एयरपोर्ट्स में भी उत्तर प्रदेश आगे है।


उत्तर प्रदेश में आज की तारीख में 15 चालू हवाई अड्डे हैं। जो देश में किसी भी राज्य के लिए सबसे ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में - आगरा हवाई अड्डा, अलीगढ हवाई अड्डा, अयोध्या का महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, आज़मगढ़ हवाई अड्डा, बरेली हवाई अड्डा, चित्रकोट हवाई अड्डा, गाजियाबाद का हिंडन हवाई अड्डा, गोरखपुर हवाई अड्डा, कानपुर हवाई अड्डा, कुशीनगर हवाई अड्डा, लखनऊ का हवाई अड्डा, मोरादाबाद हवाई अड्डा, प्रयागराज हवाई अड्डा, श्रावस्ती हवाई अड्डा, वाराणसी का हवाई अड्डा, वाराणसी का लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा आज की तारीख में चालू हैं।उत्तर प्रदेश में देश का सबसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है। यूपी में चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट चालू हैं, जबकि 2 पर तेजी से काम चल रहा है।



उत्तर प्रदेश के चालू इंटरनेशनल एयरपोर्ट में कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, कुशीनगर, चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्ड, लखनऊ, लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, वाराणसी और महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अयोध्या चालू हैं।नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जिसे जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के नाम से भी जाना जाता है, गौतम बुद्ध नगर जिले में प्रस्तावित एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अंदर आता है।

इसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल (पीपीपी) के तहत विकसित किया जा रहा है। इसके 2025 तक चालू हो जाने की उम्मीद है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास चार चरणों में किया जा रहा है और पूरा होने पर यह भारत का सबसे बड़ा हवाई अड्डा बन जाएगा।महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में स्थिति जुहू हवाई अड्डा, मुंबई भारत का पहला और सबसे पुराना हवाई अड्डा है जिसकी स्थापना 1928 में हुई थी। त्रिची हवाई अड्डा भारत का सबसे छोटा हवाई अड्डा है। कुशोक बकुला रिम्पोछे, लद्दाख 3256 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया का 23वां सबसे ऊंचा वाणिज्यिक हवाई अड्डा है।

# PhD जरूरी नहीं, अब ऐसे बनें सरकारी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर, पास करनी होगी ये परीक्षा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 12 सितम्बर : किसी कॉलेज या यूनिवर्सिटी में शुरुआती स्तर पर असिस्टेंट प्रोफेसर की ही भर्तियां होती हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नई भर्तियां होने के लिए पीएचडी की योग्यता मांगी जाती था। संबंधित सब्जेक्ट में पीएचडी करने वाले ही इसके लिए आवेदन कर सकते थे।हाल ही में यूजीसी के चेयरमैन एम जगदीश कुमार ने बताया कि असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए अब पीएचडी की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। नए नियम के तहत अब पीएचडी ना करने वाले भी असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकते हैं। किसी कॉलेज या यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए न्यूनतम योग्यता के तौर पर नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी UGC NET पास को माना जाएगा। नई शिक्षा नीति (NEP 2020) के तहत नए बदलाव किए गए हैं।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तरफ से हर साल यूजीसी नेट परीक्षा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में 75 फीसदी से पास होने वालों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप यानी JRF मिलता है। वहीं, पास होने वाले कैंडिडेट्स को NET सर्टिफिकेट मिलता है। नेट पास होने के बाद PhD में दाखिला ले सकते हैं।Dual Degree के सात चार साल वाले ग्रेजुएशन प्रोग्राम लॉन्च किए जा गए हैं। इसके तहत 4 वर्षीय ग्रेजुएशन डिग्री रखने वाले अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 75 फीसदी अंक के साथ पास होना जरूरी है। UGC की ऑफिशियल वेबसाइट- ugc.gov.in पर इसकी डिटेल्स चेक कर सकते हैं।

# पांच हजार के इनामी पौड़ी पुलिस ने हरियाणा से किया गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



पौड़ी 12 सितम्बर : श्रीनगर गढ़वाल निवासी शोभा द्वारा 9 अप्रैल को कोतवाली श्रीनगर में दिए शिकायती पत्र में बताया गया कि किसी अज्ञात अभियुक्त द्वारा उसको पुलिस की गिरफ्तारी का भय दिखा और डरा-धमकाकर उससे साढ सात लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधडी की गई है। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए एक अभियुक्त झुझार मठ बाजार थाना गोकुलपुरा जिला शिकारपुर राजस्थान निवासी शंकर लाल पुत्र श्योपाल सैनी को पुलिस द्वारा 1 जून को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

अभियोग उपरोक्त में मुख्य अभियुक्त विनोद कुमार लगातार अपने ठिकाने व मोबाइल नम्बर बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के फरार व ईनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु सभी थाना प्रभारियों व सीआईयू टीम को लगातार निर्देशित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं।अभियुक्त विनोद कुमार शातिर किस्म का अपराधी है और वह अपने साथियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। साथ ही गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। पौड़ी पुलिस को सर्विलान्स की मदद से अभियुक्त विनोद कुमार के हरियाणा में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम द्वारा उसे थाना एलनाबाद, जिला सिरसा हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक विजय शैलानी, आरक्षी प्रवीण पुरी व गौरव कुमार शामिल थे।

# ट्रेनिंग से लौट रहे शिक्षकों की कार खाई में गिरने से, 2 शिक्षकों की मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



टिहरी गढ़वाल 12 सितम्बर : ट्रेनिंग से लौट रहे शिक्षकों की कार गहरी खाई में गिर गई, जिससे दो शिक्षकों की मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल है। टिहरी जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ। हिंडोलाखाल थाना क्षेत्र के पलेठी के पास एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। कार में तीन शिक्षक सवार थे, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल शिक्षिका को देवप्रयाग के विधायक विनोद कंडारी ने तुरंत अपनी गाड़ी से बेस हॉस्पिटल श्रीकोट, श्रीनगर भेजा।

बताया जा रहा है कि तीनों शिक्षक टिहरी के हिंडोलाखाल में ट्रेनिंग के बाद अपने घर श्रीनगर गढ़वाल लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में हादसा हो गया जब ड्राइवर का कार संख्या UK07 FR 6874 पर से नियंत्रण खो गया और कार खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और खाई से शिक्षकों का रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

लेकिन तब तक 46 वर्षीय अर्जुन सिंह रावत, निवासी न्यू कॉलोनी डांग, श्रीनगर और 54 वर्षीय अनीता नेगी, निवासी श्रीनगर की मौत हो चुकी थी। दोनों शिक्षक राजकीय इंटर कॉलेज पलेठी में कार्यरत थे। हादसे की जानकारी मिलने पर स्थानीय विधायक विनोद कंडारी भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और 45 वर्षीय घायल शिक्षिका अनीता ममगाईं, निवासी अपर श्रीनगर, को अपनी गाड़ी से बेस हॉस्पिटल श्रीकोट में भर्ती कराया। अनीता ममगाईं की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मामले की जांच की जा रही है ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके।

## डीएसीई के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लहराया परचम

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि द्वारा संचालित डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। अपनी स्थापना के दूसरे वर्ष में ही केंद्र के लगभग 10 अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। वर्ष 2024 की राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा में केंद्र के 3 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसी वर्ष उत्तराखंड सचिवालय सेवा प्रारंभिक परीक्षा में भी केंद्र के 2 अभ्यर्थियों ने उत्तीर्ण की है। इसके अलावा अन्य अभ्यर्थियों द्वारा केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग, भारतीय खाद्य निगम, एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (एफकेट), सहायक उद्यान अधिकारी और यूजीसी नेट जेआरएफ जैसी परीक्षाओं में भी सफलता पाई है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल एवं अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल ने पूनम, मंजीत, प्रतिमा दास, शैलजा सिंह, आदित्यराज, सौरभ कुमार, सार्थक राज आदि छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने पर बधाई दी। प्रो. सेमवाल ने विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल एवं विवि प्रशासन का आभार प्रकट किया है। केंद्र के शिक्षक डॉ. आशीष बहुगुणा, डॉ. प्रकाश कुमार सिंह एवं डॉ. भरत कुमार ने भी सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएँ दी।

## घनसाली में पांडव नृत्य का शुभारंभ

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के आरगढ़ पट्टी की ग्राम पंचायत पैडा भंडैण्डी में बुधवार को 11 दिवसीय पौराणिक पांडव नृत्य का शुभारंभ हुआ। ग्राम पंचायत के सामूहिक पांडव नृत्य में सभी ग्राम देवताओं को इकट्ठा कर पंडों चौक में विराजमान किया गया। पांडव नृत्य में देव पूजन के साथ ग्रामीण पांडव लीला का चरित्र चित्रण कर लोगों को धार्मिक, साहसिक पांडव एवं कौरवों के युद्ध की पटकथा सुनाकर मनोरंजन कर रहे है। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता लखन सिंह भंडारी ने बताया कि, आरगढ़ पट्टी के पैडा भंडैण्डी गांव में हर वर्ष फसल कटने से पहले फसलों की अच्छी पैदावार और ग्रामीणों की सकुशलता के लिए पांडव नृत्य का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश-विदेश से प्रवासी ग्रामीण इस धार्मिक आयोजन के दौरान अपने गांव में इष्ट देवी देवताओं और पांच पांडवों का आशीर्वाद लेने गांव आते हैं।

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

नई टिहरी। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसआरटी परिसर बादशाही थौल टिहरी में स्वामी रामतीर्थ स्मारक मंच टिहरी के कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण ने किया। इस मौके पर उन्होंने एक पुस्तक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में स्वामी रामतीर्थ को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की गई। कार्यक्रम में उपसभापति हरिवंश नारायण ने अपने संबोधन में युवाओं से आहवान किया कि स्वामी रामतीर्थ के जीवन से प्रेरणा लेकर सदैव राष्ट्र निर्माण में आगे रहें। उनके जीवन से सीख लेकर अंगीकार करने का काम करें। स्वामी रामतीर्थ ने जिस तरह से त्याग, तपस्या और कठिन मार्ग पर चलकर अपना जीवन सार्थक किया, उसी तरह से युवा राष्ट्र विकास व निर्माण में अपना योगदान उनसे प्रेरित होकर दें। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय द्वारा छात्र-छात्राओं से इस परिसर को उत्कृष्ठ बनाने के साथ ही परिसर के शिक्षकों से अपील की, कि टिहरी को शिक्षा का हब बनाने का काम करें।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने की सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बुधवार को सीएम हेल्पलाइन 1905 पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। कोई भी शिकायत किसी भी स्तर पर अनावश्यक लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आम लोगों की सुविधा और जरूरतमंदों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए है। इसमें विभागों से संबंधित जो भी शिकायतें दर्ज होती है, उनका एक सप्ताह में समाधान करते हुए शिकायतकर्ता को भी उससे अवगत कराए। इस दौरान विभागीय स्तर पर 15 दिन से लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई और शिकायतों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन पर सबसे अधिक 51 शिकायत लोक निर्माण विभाग के स्तर पर दर्ज है। जबकि पेयजल की 42, शिक्षा की 27, वन विभाग की 25, सिंचाई 22, विद्युत विभाग के स्तर पर 14 शिकायत दर्ज है। जिनका निराकरण किया जाना है। समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### महिला सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

चमोली। वीर माधोसिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर संस्थान गोपेश्वर में एंटीड्रग और महिला सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और समुदाय के बीच नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना और महिला सुरक्षा के महत्व पर चर्चा करना था। मुख्य वक्ता चमोली के एसएचओ राजेंद्र रावत ने नशे की लत से होने वाले हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए समाज को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और उन्हें सुरक्षित रखने के कानूनी प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के कुलसचिव संदीप कंडवाल, अरुण नेगी आदि, डॉ. बीना खाती,डॉ. अजैब सिंह आदि थे।

### गैरसैंण में नंदा पाती मेले में उमड़े लोग

चमोली। नंदा अष्टमी के अवसर पर गैरसैंण प्रखंड़ बुधवार को नंदा मय रहा। ब्लॉक के कई स्थानों पर पौराणिक नंदा पाती मेले का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नंदा पाती के दर्शन कर सुख-समृद्धि का आर्शीवाद मांगा। पं. जर्नादन पुजारी का कहना था कि गैरसैंण के नंदा माई मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष भादो माह की दशकों से अष्टमी के दिन नंदा पाती मेले का आयोजन होता चला आ रहा है। परंपरा के अनुसार चार दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के अंतिम दिन पाती मेले का आयोजन किया जाता है। प्राचीन परंपरा के अनुसार यह मेला नंदा माई को मायके से ससुराल विदा करने पर किया जाता है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग मेले में आ कर पाती स्तंभ पूजा-अर्चना और मां नंदा से आर्शीवाद प्राप्त करते हैं तथा नंदा का पस्वा पाती स्तंभ पर चढ़ कर इस पर सजाये गये फल, फूल,अनाज, कुंज मेलार्थियों पर फेंकता है व इससे प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। गैरसैंण नगर सहित धारापानी, ऐखोला, विषौणा, कांसुवा तथा मालई में नंदा पाती मेले का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया एवं खरीदारी भी की।

### चमोली पुलिस ने की पट्रोलिंग

चमोली। चमोली पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में बुधवार से फुट पट्रोलिंग अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया इस अभियान का उद्देश्य न केवल सुरक्षा को बढ़ाना है,बल्कि स्थानीय लोगों के बीच एक मजबूत विश्वास स्थापित करना भी है। पुलिसकर्मी विभिन्न स्थानों पर पैदल चलकर गश्त करते हुए स्थानीय नागरिकों से मिलेंगे और उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करेगी। साथ ही नागरिकों की समस्याओं को भी सुना जायेगा। बताया फुट पट्रोलिंग की नई पहल के माध्यम से चमोली पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि आम जनता को सुरक्षा का अहसास हो। इस दौरान, पुलिसकर्मी स्थानीय नागरिकों को उनकी सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया जायेगा।

### भक्तों को आशीष देने रतूड़ा गांव पहुंची चंडिका देवी

चमोली। राजराजेश्वरी चंडिका देवी की बन्याथ यात्रा बुधवार को अपने पहले पड़ाव रतूड़ा गांव पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने परंपरागत रीति रिवाज से देवी का भव्य स्वागत किया। रतूड़ा के ग्रामीण देवी को लेने के लिए गांव की सीमा तक आए। गांव की महिलाओं ने देवी के स्वागत में मंगलगान गाए और पुष्प वर्षा की अगुवाई की। देवी 10 माह तक चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, टिहरी और उत्तरकाशी जिलों का पैदल भ्रमण करेगी।

### कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत समस्याओं का हो निस्तारण

श्रीनगर गढ़वाल। संयुक्त युवा वाहिनी कीर्तिनगर द्वारा लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर क्षेत्र के मोटरमार्ग संबंधी मामलों में चल रहे विलंब,अनियमितताओं व नई कार्य योजनाओं पर अधिशासी अभियंता आरिफ खान से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय ग्रामीण अरुण नेगी, चंद्रमोहन चौहान, विवेक नेगी, धीरज सिंह, तनुज बडोनी ने डांग-धारी मोटरमार्ग की बदहाल स्थिति को सुधारने, ग्रामसभा धारपंयाकोटी के कुन्याड़ी तोक तक सड़क पहुंचाने, ग्राम सभा डागर से कुलेड़ी व प्राथमिक विद्यालय गहड़ से ग्राम सभा रैताशी मोटरमार्ग के काम में तेजी लाने की मांग की। मौके पर जसपाल नेगी, संजय भट्ट दीपक, हरिभजन सिंह आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस की द्वितीय चरण की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा आज से

श्रीनगर गढ़वाल। कांग्रेस की द्वितीय चरण की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा गुरुवार से शुरू होगी। बुधवार को केदारनाथ जाते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने श्रीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। माहरा ने जीएमवीएन सभागार में बैठक लेते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से दूसरे चरण की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। कांग्रेस प्रदेश सचिव मीडिया रामलाल नौटियाल ने कहा कि प्रदेश के मठ मंदिरों को बचाने को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में ऐतिहासिक यात्रा चला रही है। कहा कि हमारे मठ और मंदिरों को भाजपा साजिश के तहत अन्यत्र शिफ्ट करना चाहती है। जिसे कांग्रेस द्वारा कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होनें बताया गुरुवार को सीतापुर में सुबह साढ़े सात बजे सेवादल कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण के उपरान्त सीतापुर से केदारनाथ के लिए यात्रा प्रारम्भ होगी तथा सायंकाल श्री केदारनाथ पहुंचेगी। बताया कि केदारानाथ में रात्रि विश्राम के बाद 13 सितम्बर को सुबह केदारनाथ में जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन किया जाएगा। मौके पर कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा,वीरेंद्र राणा, अंकित सिंह, बिरेंद्र सिंह राणा ,उदय सिंह रावत, अनिल कुमार, सूरज घिलड़ियाल, बीरेंद्र सिंह नेगी, लाल सिंह, भवानी गायत्री, सतीश पटवाल, विनोद मैठाणी, रजनी देवी, सुमन आनंद आदि मौजूद रहे।

# शहर की सफाई व्यवस्थाओं की खुद मॉनिटिरिंग कर रहे हैं डीएम देहरादून






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

- नगर निगम में व्यवस्था परिवर्तन का दिखने लगा असर
- हरकत में आई नगर निगम की मशीनरी, जिलाधिकारी द्वारा सख्त
- कम्पनियों के पार्किगं स्थलों एवं रूटों का किया औचक निरीक्षण
- सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा डालने पर भारी अर्थदण्ड की दी गई चेतावनी

देहरादून दिनांक 12 सितंबर , जिलाधिकारी सविन बंसल शहर की सफाई व्यवस्थाओं की स्वयं मॉनिटिरिंग कर रहे हैं। कूड़ा सम्बन्धी शिकायतों पर नगर निगम के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।नगर निगम में व्यवस्था परिवर्तन का असर दिखा। नगर निगम देहरादून द्वारा राजीव गांधी कॉम्प्लेक्स और नई तहसील परिसर की सफाई के लिए अनुबंधित उड़ा संस्था के ठेकेदार अमीर कुरैशी पुत्र बशीर कुरैशी के विरूद्ध चालान की कार्यवाही करते हुए 1 लाख का अर्थदण्ड लगाया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा डालने वालों पर नजर रखी जाए तथा ऐसा करते हुए पाए जाने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाए। बताया गया कि कूड़ा बीनने वालों द्वारा बेकार कूड़ा सार्वजनिक स्थल पर डाल दिया जाता है, जिससे किन्ही-2 स्थलों पर कूड़े के ढेर लग जाते हैं। पुरानी तहसील में कूड़ा जमा होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नगर निगम को उक्त स्थल पर कूड़ा हटाने तथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए, जिस पर नगर निगम की टीम द्वारा मुख्य नगर आयुक्त की मौजूदगी में सफाई करवाई गई।जिलाधिकारी के निर्देश पर उप नगर आयुक्त ने आज सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, कूड़ा वाहन संचालन, आदि का औचक निरीक्षण किया। नगर निगम से अनुबन्धित कम्पनी इकोनवेस्ट मैनजेमेंट सिस्टम, वाटरग्रेस, सनलाईट कम्पनी के कूड़ा उठान रूट, वाहन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, जिसमें वाहन निर्धारित संख्या से कम पाए गए कुछ वाहन खराब पाए गए, जिस पर सम्बन्धित कम्पनियों को नोटिस दिए गए ।

# डीएम बंसल की सफाई आर्मी शहर में कर रही जाँच पड़ताल






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 12 सितंबर, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल के निर्देश पर सफाई व्यवस्था के लिए उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल सहित जिम्मेदार 8 अधिकारियों की टीमें तडके अपने अपने आवंटित क्षेत्रों में निकली तथा कूड़े के ढेरों (GVP), प्रतिदिन की सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति, कारगी ट्रांस्फर स्टेशन, आदि के साथ डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण हेतु अनुबंधित फर्मों की गाड़ियों की फील्ड में मूवमेंट की जांच की।

सहत्रधारा आई टी पार्क में डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण हेतु अनुबंधित फर्मों की गाड़ियों की पार्किंग की जांच करने पर पाया गया कि कई वाहनों की मूवमेंट नहीं हुआ है तथा फर्मों के 20 वाहन ब्रेकडाउन पाए गए। इसके अतिरिक्त फर्मों के कर्मचारी अपनी वर्दी में भी नही पाए गए।कारगी स्थित ट्रांस्फर सेन्टर की पार्किंग में केवल 15 वाहन पाए गए जिसमें मै० सनलाईट वेस्ट मैनेजमेंट प्रा० लि0 के 14 तथा मै० इकॉन वेस्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रा०लि० का 01 वाहन था।कार्यवाही - कार्य में अनियमित्ता पाए जाने पर उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल द्वारा मै० इकॉन वेस्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रा०लि० पर रू० रू0 33,600.00, मै०सनलाईट वेस्ट मैनेजमेंट प्रा० लि० पर रू0 33,200.00 तथा मै० इकॉन वाटर ग्रेस प्रा०लि० पर रू0 9,500.00, इस प्रकार कुल रू० 76,300.00 का अर्थदण्ड आरोपित किया गया।

निर्देश- उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल द्वारा डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण हेतु अनुबंधित फर्मों के प्रतिनिधियों को सख्ती के साथ निर्देशित किया गया कि भविष्य में डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण के साथ साथ चिन्हित GVP की साफ सफाई करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न वरती जाए तथा गाड़ियों का रख रखाव उचित प्रकार से किया जाए जिससे गाड़ियों ब्रेकडाउन में न रहें। इसके अतिरिक्त डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण व्यवस्था की निगरानी में कार्य कर रही फर्मों को भी निर्देशित किया गया कि वह डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण हेतु अनुबंधित फर्मों के वाहनों के मूवमेंट की सघन जांच करते हुए प्रतिदिन की आख्या उनको उपलब्ध कराएं।

# यहाँ पहाड़ियों में हुई सीजन की पहली बर्फबारी, ठंड में हुआ इजाफा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 12 सितम्बर : बद्रीनाथ की पहाड़ियों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। ऊंची चोटियों में बर्फबारी होने से ठंड में इजाफा हो गया है। लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए हैं। ऊंची चोटियों में बर्फबारी का नजारा देख धाम में आए श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

बद्रीनाथ धाम की ऊंची चोटियों पर सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। जिसके बाद से धाम में और आस-पास के इलाकों में ठंड बढ़ गई है। बता दें कि मंगलवार रात को हुई बारिश के बाद देर रात ऊंची चोटियों पर सीजन की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बाद अनोखा नजारा देखने को मिला।



बता दें कि बद्रीनाथ धाम की ऊंची चोटियों के साथ ही माणा क्षेत्र के पास के इलाकों में भी बर्फबारी हुई है।बीते कुछ दिनों से प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह के मुताबिक बुधवार को बागेश्वर जिले में भारी बारिश की संभावना है। जिसे देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही राजधानी देहरादून, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, चमोली, रुद्रप्रयाग, चंपावत और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है

# भारी बारिश के चलते सोनप्रयाग में दो घंटे रोकी केदारनाथ यात्रा

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की यात्रा पर बारिश के बावजूद भी यात्रियों की संख्या निरंतर बढ़ने लगी है। बुधवार को सोनप्रयाग में भारी बारिश के चलते सुबह यात्री सुरक्षा को देखते हुए दो घंटे यात्रा रोकी गई। जबकि इसके बाद सभी यात्रियों को केदारनाथ भेजा गया। बुधवार को दोपहर तक 4500 यात्री केदारनाथ रवाना हुए। केदारनाथ यात्रा के चलते सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच मार्ग काफी संवेदनशील बना है। बीते 9 सितम्बर को हुई भूस्खलन की घटना के बाद से यहां यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दोनों ओर पुलिस और एसडीआरएफ के जवान तैनात हैं ताकि सुरक्षा व्यवस्था के बीच यात्रियों की आवाजाही कराई जा सके। बुधवार को सोनप्रयाग में सुबह 6 बजे से यात्री की आवाजाही शुरू हुई जबकि 8:30 बजे भारी बारिश हुई। इसको देखते हुए केदारनाथ यात्रा रोक दी गई। 10:30 बजे बारिश बंद हुई जिसके बाद 11 बजे फिर से यात्रा शुरू कराई गई। सोनप्रयाग कोतवाली निरीक्षक देवेंद्र असवाल ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही यात्रियों की आवाजाही कराई जा रही है। बुधवार को 4500 यात्री केदारनाथ रवाना किए गए।

## केदारनाथ धाम की छवि धूमिल कर रही कांग्रेस: अजेंद्र

रुद्रप्रयाग। बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने केदारनाथ धाम का निरीक्षण करने के बाद रुद्रप्रयाग में पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केदारनाथ की दूसरे चरण की यात्रा शुरू हो गई है। ऐसे में यहां बेहतर सुविधाएं जुटाई जा रही है। जीएमवीएन गेस्ट हाउस में बुधवार को पत्रकार वार्ता करते हुए अजेंद्र ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के साथ ही बीकेटीसी कर्मियों की सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। वे सभी इंतजाम किए जा रहे है जिनकी केदारनाथ में नितांत आवश्यकता है। सोना प्रकरण पर बीकेटीसी अध्यक्ष ने कहा कि वह शुरू में ही इस मामले को स्पष्ट कर चुके हैं। केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह में स्वर्णमंडित कराने की एक दानीदाता द्वारा इच्छा जताई गई जिसके लिए बीकेटीसी ने प्रदेश शासन से स्वीकृति मांगी।

# देहरादून से दिल्ली अब ढाई घंटे में, इस महीने खुल जाएगा Expressway

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 12 सितम्बर : भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) इस एक्सप्रेस वे को यातायात के लिए खोलने की योजना बना रहा है। अगले तीन महीने में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे यातायात शुरू हो जाएगी। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने देहरादून से दिल्ली के बीच का सफर 2.5 घंटे में तय हो जाएगा। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद दिल्ली में अक्षरधाम से देहरादून तक की यात्रा ढाई घंटे में पूरी हो जाएगी। इसी तरह, दिल्ली से हरिद्वार की यात्रा 2 घंटे में तय हो जाएगी। एक्सप्रेसवे में सिर्फ़ हरिद्वार को जोड़ने वाला लिंक मई 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा। 264 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे और हरिद्वार लिंक की कुल लागत करीब 14,285 करोड़ रुपये है।



इसे पूरा करने के लिए NHAI को अतिरिक्त 5 महीने की आवश्यकता होगी। सड़क परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने हाल ही में हुई एक बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात की जानकारी दी है। PM मोदी ने सड़क परिवहन मंत्रालय को बिना किसी देरी के इस परियोजना को पूरा करने का निर्देश दिया है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि भूमि संबंधी सभी मुद्दे सुलझा लिए गए हैं, NHAI के अनुसार लगभग दिसंबर 2024 तक दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे पर यातायात शुरू हो जाएगी।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद दिल्ली में अक्षरधाम से देहरादून तक की यात्रा ढाई घंटे में पूरी हो जाएगी। इसी तरह, दिल्ली से हरिद्वार की यात्रा 2 घंटे में तय हो जाएगी। इस परियोजना में कई विशेष सुविधाएँ हैं, जिनमें ₹एशिया का सबसे लंबा एलिवेटेड वन्यजीव गलियारा (12 किमी) और पशु अंडरपास₹ शामिल हैं, जिसका उद्देश्य राजाजी राष्ट्रीय उद्यान और शिवालिक रिजर्व वन क्षेत्रों में मानव-पशु संघर्ष को कम करना है। एनएचएआई के सूत्रों ने संकेत दिया है कि अक्षरधाम से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) इंटरचेंज तक फैले एक्सप्रेसवे का पहला चरण इस वर्ष नवंबर तक यातायात के लिए चालू कर दिया जाएगा। पहले चरण का सेक्शन दिल्ली में गीता कॉलोनी, शास्त्री पार्क और सोनिया विहार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में विजय विहार, कासिम विहार और मंडोला जैसे इलाकों से होकर गुजरता है। इस सेक्शन के खुलने से कई यात्रियों को रोज़ाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

ये एक्सप्रेसवे घने जंगल के बीच से होकर गुजरेगा और इसमें देहरादून से दिल्ली का सफर ढाई घंटे में पूरा होगा। 571 पिलर पर बनने वाला अनोखा एक्सप्रेसवे भारत का चलता फिरता चिड़ियाघर है। इस एक्सप्रेसवे में स्पेशल वाइल्डलाइफ कॉरिडोर बनाया जा रहा है। राजाजी नेशनल पार्क से सेट इस कॉरिडोर में जानवरों की आवाज आई होगी। सफर के दौरान मुसाफिरों को कई जंगली जानवर देखने को मिलेंगे।

# देहरादून : जमीन दिलाने के नाम पर 5 लोगों से 2 करोड़ की ठगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 12 सितम्बर : सहसपुर क्षेत्र में दो लोगों ने जमीन दिलाने का वादा करके पांच लोगों से दो करोड़ रुपये ठग लिए। अब आरोपी न तो जमीन दे रहे हैं और न ही पैसे वापस कर रहे हैं। शिकायत के आधार पर सहसपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी सहसपुर ने बताया कि नितिन बिजल्वाण निवासी अपर गढ़वाली कॉलोनी लाडपुर ने शिकायत दर्ज कराई है। नितिन ने बताया कि उनके साथी अमित कुमार कंडियाल (डालनवाला), रोहित जैन (इंजीनियर इंक्लेव), संजय सिंह राणा (इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी) और सुनील सुमन (तरला अधोईवाला) ने सुरेंद्र (आईआईपी संतोषनगर) से मुलाकात कराई। सुरेंद्र ने दावा किया कि ये लोग उन्हें बेहतरीन जमीन दिला देंगे। इसके बाद एक अनुबंध पत्र तैयार किया गया, जिसमें पैसे और अन्य शर्तें तय की गईं। नितिन सैनी और



राजेन्द्र सिंह रावत को प्रतीतपुर, कल्याणपुर और फतेहपुर में 130 बीघा भूमि दिखाई गई जो उन्हें पसंद आई। इसके बदले में उन्होंने आरोपियों को अग्रिम दो करोड़ रुपये दे दिए। हालांकि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद आरोपियों ने न तो जमीन दिलाई और न ही पैसे वापस किए। एसओ ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# दो बच्चियों के लिए देवदूत बनी दून पुलिस

- दोपहर के समय हुई तेज बारिश के कारण चंद्रबनी क्षेत्र में बरसाती नाले में 02 बच्चियों के बहने की सूचना पर दून पुलिस की त्वरित कार्यवाही
- स्थानीय लोगो की सहायता से पुलिस द्वारा दोनों बच्चियों को ढूढ़कर किया सकुशल रेस्क्यू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 12 सितंबर, बुधवार दोपहर के समय कोतवाली पटेल नगर को कंट्रोल रूम के माध्यम से चंद्रबनी शांति विहार क्षेत्र में दो लड़कियों के बरसाती नाले में बहने की सूचना प्राप्त हुई थी, इस सूचना पर चौकी प्रभारी आईएसबीटी मय पुलिस बल के तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा नाले में बही दोनों बच्चियों की तलाश हेतु आस पास के क्षेत्र में नाले के



किनारे सर्च एंड रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

सर्च अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा वाइल्डलाइफ के पास नाले से दोनों बच्चियों को ढूंढ कर स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें नाले से सकुशल रेस्क्यू किया गया। बच्चियों के सकुशल मिलने पर उनके परिजनों द्वारा पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए पुलिस तथा बचाव कार्य मे सहयोग करने वाले स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गणपति बप्पा के जयकारों के साथ गणेश विसर्जन किया

पिथौरागढ़। नगर में गणेश चतुर्दशी पर गणपति बप्पा के जयकारों के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया। बुधवार को मराठा समाज के लोगों ने यहां गणपति बप्पा की प्रतिमा के साथ बाजार में शोभायात्रा निकाली। इस दौरान पूरा क्षेत्र गणपति बप्पा के जयकारों से गूंज उठा। बाद में सेराघाट में सरयू नदी पर विधि विधान से गणपति बप्पा अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारों के साथ गणेश विसर्जन किया। यहां जीवन धानिक, अमित सस्ते, विजय मराठा, पप्पू मराठा, राहिलराज मराठा, अनितश मराठा, सुखवीर मराठा, अनुराग मराठा, अभिषेक मराठा, अमित मराठा, परशुराम मराठा, रंजीत मराठा, मोहित महरा, होशियार बाफिला, दीप पंत, दीपक कालाकोटी, जीवन पंत, कमलेश पंत, लोकेश पंत, मनोज डोबाल, गणेश कालाकोटी, राहुल महरा, बबलू धपोला, हेम नेगी, बलवंत धानिक, कौस्तुभ पंत, पंकज वर्मा, मनोज वर्मा, सुनील रौतेला, भूपेन्द्र भंडारी, सुषमा, शीतल, समृद्धि, दीपा बाफिला, कविता पंत, उर्मि उप्रेती, सुनीता पंत, सुषमा, कविता, देवकी, हीना आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता महेश जोशी का हुआ निधन

पिथौरागढ़। भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश जोशी का अपने पैतृक आवास भडकटिया में हृदयाघात से निधन हो गया । वे 59 वर्ष के थे। उनके निधन पर क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त किया। बुधवार को भडकटिया के प्रधान योगेश जोशी ने बताया कि उन्होंने अपने आवास में रात 10 बजे अंतिम सांस ली। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था। उनके निधन पर भाजपा विधायक बिशन सिंह चुफाल, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष राजेंद्र रावत, प्रधान दिवाकर जोशी, योगेश चंद, ब्लाक प्रमुख नीमा वल्दिया, कांग्रेस विधायक मयूख सिंह महर, महेंद्र लुंठी, जगत सिंह खाती, खीमराज जोशी, प्रधान दीपा जोशी, पूर्व प्रधान योगेश भट्ट, विपिन जोशी सहित अन्य लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की।

### बीएसएनएल की 4जी सेवा शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी

पिथौरागढ़। भारत नेपाल सीमा पर बीएसएनएल की 4 जी सेवा शुरु हो गई है। इससे सीमावर्ती गांवों के लोगों ने खुशी व्यक्त की है। स्थानीय दिवाकर जोशी ने बताया कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से संचार सेवा की मांग कर रही थी। तल्ला बगड़ के अमतडी में लगे बीएसएनएल टावर के कार्य करने से नेपाल के नेटवर्क पर निर्भर रहने वाले ग्रामीणों की नेपाली सिमों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इस टावर के संचालित होने से नेपाल सीमा के 10 किमी हवाई रेंज के अंदर आने वाले तीन हजार से अधिक आबादी लाभांवित होगी। टावरों के मशीनों का संचालन करने वाली बेदांग कंपनी के इंजीनियर राजेंद्र ने बताया कि टावर के सिग्नल की हवाई रेंज 10 किमी है। जिससे काली नदी घाटी के अधिकांश लोग बीएसएनएल की 4 जी सेवा का लाभ उठा सकेंगे। बताया कि गिठीगडा और बलतडी में लगे टावरों के लिए मशीन अभी नहीं पहुंची है। मशीन के पहुंचते ही क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा।

### 17 को होगा 106वां युद्ध सम्मान दिवस

पिथौरागढ़। तृतीय कुमाऊं राइफल्स का 106वां युद्ध सम्मान दिवस 17 सितंबर को मनाया जाएगा। सेवानिवृत्त सुबेदार गिरीश जोशी और लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम देवसिंह मैदान के निकट एक निजी होटल में आयोजित होगा। कहा कि प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटिश सेना की ओर से धुरी सेनाओं के खिलाफ लड़ते हुए कुमाऊं राइफल्स ने सरोन नामक स्थान पर इतालवी सेना को हराकर यह सम्मान प्राप्त किया था। उन्होंने तृतीय कुमाऊं राइफल्स के सेवानिवृत्त , सेवारत सैनिकों से समारोह में उपस्थित रहने की अपील की।

### पिथौरागढ़ में छात्रसंघ ने उच्च शिक्षामंत्री-कुलपति का पुतला जलाया

पिथौरागढ़। एलएसएम कैंपस में छात्रसंघ परीक्षा परिणाम में गड़बडी व ओल्ड पैटर्न की परीक्षा समय पर आयोजित न कराने से आक्रोशित है। बुधवार को छात्रसंघ ने उच्च शिक्षामंत्री व कुलपति का पुतला जलाते हुए महाविद्यालय भवन के मुख्य गेट में तालाबंदी की। नगर के एलएसएम कैंपस में छात्र-छात्राएं एकत्र रहे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए पुतला जलाया। छात्रसंघ अध्यक्ष कपिल चंद ने कहा कि एसएसजे विवि परीक्षा परिणाम तक सही ढंग से जारी नहीं कर पा रहा है।लगातार हो रही गलती से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। कहा कि ओल्ड पैटर्न की परीक्षा जनवरी में आयोजित होनी थी, लेकिन अबतक परीक्षाओं का आयोजन नहीं हो सका है। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छात्रनेता नितिन उप्रेती ने कहा कि पूर्व में उच्च शिक्षामंत्री, कुलपति,परीक्षा नियंत्रक अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को इस संबध में जानकारी दी, लेकिन छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर कोई गंभीर नहीं है।

# उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2024 के टाइटल स्पॉन्सर के रूप में पतंजलि की घोषणा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 11 सितम्बर 2024: उत्तराखंड प्रीमियर लीग (UPL) ने घोषणा की है कि पतंजलि, लीग के उद्घाटन सत्र के टाइटल स्पॉन्सर के रूप में शामिल हो गया है। यह टूर्नामेंट 15 से 22 सितम्बर तक देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

स्वास्थ्य और कल्याण के साथ जुड़े पतंजलि ब्रांड ने हमेशा भारतीय संस्कृति और मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। खेलों में उनकी सहभागिता उनके मिशन को और भी मजबूत करती है, जिसमें पूरे देश में फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को प्रेरित करने की प्रतिबद्धता है। पतंजलि पहले भी कबड्डी और कुश्ती जैसी खेल प्रतियोगिताओं को प्रायोजित कर चुका है, जिससे इन खेलों के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।पतंजलि के मुख्य प्रबंध निदेशक राम भरत ने इस साझेदारी पर अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा, ₹हम उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2024 के टाइटल स्पॉन्सर बनकर बेहद उत्साहित हैं। क्रिकेट एक ऐसा खेल है जो पूरे देश को एकजुट करता है और यह खेल उन मूल्यों और अनुशासन को प्रतिबिंबित करता है, जिन पर पतंजलि विश्वास करता है। यह हमारे लिए एक अवसर है कि हम उत्तराखंड के उभरते हुए युवा क्रिकेट प्रतिभाओं का समर्थन कर सकें और खेल के माध्यम से स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा दें।₹

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव महिम वर्मा ने इस साझेदारी पर अपनी खुशी व्यक्त की: ₹हमें गर्व है कि पतंजलि उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2024 के टाइटल स्पॉन्सर के रूप में हमारे साथ है। उनका समर्थन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और यह उत्तराखंड के लोगों और क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पतंजलि का यह सहयोग निस्संदेह टूर्नामेंट को एक बड़ा प्रोत्साहन देगा और क्षेत्र के भविष्य के क्रिकेट सितारों के विकास में मदद करेगा। हम एक रोमांचक सत्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं।₹उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2024 एक रोमांचक टूर्नामेंट होने का वादा करता है, जिसमें शीर्ष घरेलू और आईपीएल प्रतिभाएं भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट में पांच पुरुष टीमों और तीन महिला टीमों के बीच कड़ा मुकाबला होगा। सभी मैचों का सीधा प्रसारण Sony Sports Ten 2 SD, Sony Sports Ten 2 HD और FanCode पर किया जाएगा, ताकि देशभर के प्रशंसक इस उत्साह का आनंद उठा सकें।

एक विशेष पहल के तहत, सभी मैचों में प्रवेश निःशुल्क होगा। फैन्स PayTM Insider पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं और खेलों का लाइव आनंद उठाने के लिए अपनी जगह सुरक्षित कर सकते हैं। फैन्स नीचे दिए गए लिंक पर जाकर टिकट के लिए पंजीकरण प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं:https://insider.in/go/uttarakhand-premier-league-2024-25

# लूटी गयी सम्पत्ति की बरामदगी 70% से अधिक होनी चाहिए : डीजीपी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**






देहरादून , १२ सितंबर , प्रदेश में कानून व्यवस्था को सख्त और अपराधियों में खौफ बढ़ाने के लिए पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने कड़े बड़े और अहम आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप ड्रग्स फ्री स्टेट की परिकल्पना को साकार करते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था, यातायात व्यवस्था से सम्बन्धित समस्याओं का विश्लेषण कर इसका निराकरण किया जाये , गम्भीर आपराधिक घटनाओं पर पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है ।

डीजीपी द्वारा गोष्ठी के दौरान निम्नवत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये-

1- अपराध नियन्त्रण एवं कानून व्यवस्थाः-

* आपराधिक घटनाओं के घटित होने पर पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए घटनाओं का शीघ्र अनावरण करें शिथिलता/लापरवाही बरतने वाले थानाध्यक्ष व सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों के एसीआर में प्रतिकूल प्रविष्टि भी शामिल होगी। गम्भीर अपराधों, चोरी, वाहन चोरी, चेन लूट, डकैती इत्यादि घटनाओं का *अनावरण 90% प्रतिशत व चोरी व लूटी गयी सम्पत्ति की बरामदगी 70% से अधिक होनी चाहिए।

* विगत 03 वर्षों से वाहन चोरी के अभियुक्त जेलों में निरूद्ध है उनकी जानकारी लेकर नियमित रूप से मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाये। वाहन चोरी की घटनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित किया जाये।* सीसीटीवी कैमरों की कवरेज बढायी जाये तथा अलग से कंट्रोल रूम से नियंत्रित कर वाहन चोरी, गृह भेदन जैसी आपराधिक घटनाओं के अनावरण किया जाये साथ ही कानून एवं शान्ति व्यवस्था एवं यातायात प्रबन्धन हेतु फुटेज का सदुपयोग किया जाये ।

* जनपदों के विगत 03 वर्षों के गम्भीर अपराधों, हत्या, लूट, डकैती, वाहन चोरी इत्यादि अपराधों की समीक्षा करते हुए जनपद प्रभारियों के आपराधिक आंकडों का विश्लेषण करने कर अपराधों के अनावरण, सम्पत्ति की बरामदगी एवं निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु प्लान आफ एक्शन तैयार करने हेतु निर्देश दिये ।

* राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलूस, धरना / प्रदर्शन करने से आम जनता को होने वाली समस्या के दृष्टिगत प्रदर्शन कारियों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करें व पूर्व में ऐसे पंजीकृत अभियोगों की समीक्षा भी की जाये ।

* संवेदनशील एवं गम्भीर अपराधों में समय से मीडिया को ब्रीफ कर पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही की जानकारी दी जाये साथ ही मासिक अपराध गोष्टी के उपरान्त मीडिया को ब्रीफ किया जाएगा।

* अन्य प्रकरण जैसे अंतरजातीय व अंतरधार्मिक विवादों सम्बन्धी प्रकरणों में समय से अभियोग पंजीकृत कर विधिसम्मत कानूनी कार्यवाही की जाये, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि किसी त्रिदौष व्यक्ति का उत्पीड़न न होने पाये ।

* राज्य की विभिन्न परियोजनाओं में बाहर से आने वाले दैनिक मजदूरों की पृष्ठभूमि की जानकारी करते हुए अनिवार्य रूप से सत्यापन कराया जाय।

* ईनामी/ वांछित अपराधियों की3-साईबर अपराधः- धरपकड हेतु चलाये गये 01 माह के विशेष अभियान की समीक्षा करते हुए, सभी जनपद प्रभारियों को स्वयं संज्ञान लेते हुए अभियान को सफल बनाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये साथ ही अभियान की मुख्यालय स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिये गये।

* आगामी नगर निकाय व विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत कार्यवाही, मिश्रित आबादी क्षेत्रों में संदिग्ध लोगों का सत्यापन की कार्यवाही, जलूस धरना/ प्रदर्शन के दौरान निर्धारित एसओपी के अनुसार क्राउड मैनेजमेंट की कार्यवाही की जाये ।

2- महिला एवं बाल अपराधः-

* पोक्सो एक्ट /महिला एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए, पोक्सो एक्ट में अभियुक्त की गिरफ्तारी, पीडिता के मा0 न्यायालय के समक्ष बयान, पीडिता की मनोवैज्ञानिक एक्सपर्ट द्वारा काउंसलिग, पीडिता व उसके परिवार सम्बन्धित अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से संवाद किया जाएगा। साथ ही सभी स्कूलों और कॉलेजों में पोक्सो एक्ट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक एजूकेशन मॉडल तैयार किया जायेगा जिससे छात्र-छात्राओं को इन कानूनो की जानकारी दी जा सके एवं महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए हैल्पलाइन नम्बरों का प्रचार-प्रसार किया जाए ।

3- साईबर अपराधः-

* साइबर क्राइम देश में सबसे बड़ा उभरता हुआ क्राइम है। सभी जनपद प्रभारी इसे प्राथमिकता पर लें। आई0टी0 एक्ट के अन्तर्गत विवेचनाओं को तेजी से निपटाने के लिए प्रशिक्षित निरीक्षकों को नियुक्त किया जाये तथा साईबर अपराध के सम्बन्ध में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाए ।

4- ड्रग्स एवं मादक पदार्थो की रोकथामः-

* उत्तराखण्ड राज्य को ड्रग्स मुक्त राज्य बनाने के लिए बडे ड्रग्स पैडलरों तथा सोर्स ऑफ ड्रग्स को चिन्हित कर उनके विरूध कार्यवाही की जाये साथ ही एनसीबी से सेटेलाइट डाटा लेकर अवैध अफ़ीम/चरस की खेती को नष्ट करने की कार्यवाही को अमल में लाया जाए, सिन्थैटिक ड्रग्स द्वारा युवाओं को अभ्यस्त बनाने का प्रयास न हो इस सन्दर्भ में बरामद ड्रग्स में सिन्थैटिक ड्रग्स की मात्रा को विधि विज्ञान प्रयोगशाला से परीक्षण कराकर तदनुसार एनडीपीएस एक्ट के अनुसार कार्यवाही की जाए ।

5- यातायात प्रबन्धनः-

* यातायात के संबंध में डीजीपी द्वारा यातायात निदेशक अरूण मोहन जोशी को यातायात प्रबंधन हेतु मैनपावर का आंकलन करने हेतु निर्देशित किया जिससे यातायात ड्यूटी में अधिक से अधिक कार्मिकों की नियुक्ति की जा सके। हॉट-स्पॉट अथवा दुर्घटना जनित स्थानों पर उनकी नियुक्ति करने के निर्देश दिये व मुख्य हाईवेज पर कट एवं इन पर गलत साइड से वाहन ले जाने के बारे में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु बताया गया ।

इस दौरान ए0पी0 अंशुमान, अपर पुलिस महानिदेशक, अभिसूचना, पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना, विम्मी सचदेवा, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय, कृष्ण कुमार वी0के0, के0एस0 नागन्याल, पुलिस महानिरीक्षक गढवाल परिक्षेत्र, अरूण मोहन जोशी, निदेशक यातायात, सेंथिल अबुदई कृष्ण राज एस,पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रो0एण्ड मार्ड0, पी0रेणुका देवी पुलिस उपमहानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था सभी जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक* सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे ।

## गूलरभोज में रामलीला मंचन को लेकर मंथन

रुद्रपुर। तराई कला संगम श्रीरामलीला कमेटी की बैठक में रामलीला के सफल मंचन को लेकर बुधवार को तमाम पहलुओं पर मंथन किया गया। बुधवार को आयोजित बैठक में रामालीला कमेटी के पदाधिकारियों व संस्कार भारती के कलाकारों ने भाग लिया। इस दौरान तीन अक्तूबर से रामलीला का आयोजन संस्कार भारती के कलाकारों द्वारा सुनिश्चित किया गया। वहीं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने कहा कि तैयारी समय से पूरी कर ली जाएगी। इधर, संस्कार भारती के नाट्य उत्तराखंड प्रभारी गिरीश दुबे ने कहा कि रिहर्सल प्रतिदिन शाम 6 बजे से की जाएगी। बैठक में संस्कार भारती के अध्यक्ष इंदर सिंह राठौर, तरुण दुबे, लविंद्र डोगरा, सुरेश धपोला, ओमप्रकाश डोगरा, डॉ. अशोक वर्मा, सूरज, भास्कर आदि रहे।

## सितारंगज में 12 किरायेदार संदिग्ध, पुलिस कर रही पूछताछ

रुद्रपुर। सिडकुल चौकी पुलिस ने क्षेत्र में किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया है। इस दौरान पुलिस को 12 संदिग्ध किरायेदार मिले। पुलिस उनको चौकी में ले जाकर पूछताछ कर रही है। सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट ने बताया कि सिडकुल क्षेत्र में किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया गया है। अभी तक 200 मकान स्वामियों और किरायेदारों का सत्यापन किया गया है। नौ मकान स्वामियों पर किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर कोर्ट की चालानी कार्रवाई की गई है। 14 लोगों के पुलिस एक्ट में चालान किए हैं। 12 किरायेदारों के संदिग्ध होने के कारण पुलिस चौकी लाकर पूछताछ कर रही है।

## आगंनबाडी केंद्र में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई रस्म

श्रीनगर गढ़वाल। गर्भवती माताओं को कुपोषण से बचाने के लिए डांगचौरा आंगनबाडी केंद्र में पोषण माह के अंतर्गत बुधवार को गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। बाल विकास परियोजना कीर्तिनगर के सेक्टर डांगचौरा में आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की देखभाल को लेकर जानकारियां दी गई। माताओं को पोषण और स्तनपान सम्बंधित जानकारी एवं गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैलसियम की गोलियों को नियमित रूप से लेने को कहा गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुबाला नौटियाल ने कहा कि गोद भराई का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दिनों में बेहतर पोषण की जरूरत के बारे में गर्भवती महिलाओं को अवगत कराना है। माता एवं गर्भस्थ शिशु के बेहतर स्वास्थ्य एवं प्रसव के दौरान होने वाली संभावित जटिलताओं में कमी लाने के लिए गर्भवती के साथ परिवार के लोगों को भी अच्छे पोषण पर ध्यान देना चाहिए। बेहतर पोषण एक स्वस्थ बच्चे के जन्म में सहायक होने के साथ गर्भवती महिलाओं में मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी भी लाता है।

# शॉटगन शूटिंग एथलीट शपथ ने 'शोडाउन चैलेंज टूर्नामेंट' में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 12 सितंबर, टूर्नामेंट में बेहतरीन शॉटगन एथलीटों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से 120 से अधिक शॉटगन एथलीटों ने भाग लिया। ट्रैप इवेंट के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए शपथ भारद्वाज ने 50 में से 49 अंक बनाकर एशियाई रजत पदक विजेता लक्ष्य सेहरान को हराया, जिन्होंने कड़ी चुनौती में 50 में से 47 अंक बनाए।

इस प्रदर्शन के साथ 22 वर्षीय शपथ ने ब्रिटेन के नाथन हेल्स के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की, जिन्होंने जुलाई 2023 को लोनाटो (इटली) में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप में 49/50 स्कोर करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था। नाथन ने पेरिस ओलंपिक में भी नया 48/50 का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया था। इससे पहले, सेमीफाइनल में शपथ भारद्वाज और पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता भवनीश मेंदीराता ने 121/125 का स्कोर बनाया और टाई शूट ऑफ में शपथ ने उन्हें हराकर फाइनल में छह




फाइनलिस्टों के बीच पहला स्थान हासिल किया। लक्ष्य सेहरान ने 120/125 स्कोर करके तीसरा स्थान हासिल किया।आशिमा अहलावत, नीरू ढांडा और सबीरा हैरिस सेमीफाइनल में चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहीं।

शपथ ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक जीता, लक्ष्य ने सिल्वे पदक और आशिमा ने कांस्य पदक जीता। स्कीट इवेंट के फाइनल में अर्जुन ठाकुर विजेता



बने दूसरे स्थान पर फतेहबीर शेरगिल और तीसरे स्थान पर हरविराज सिंह रहे।शपथ ने इससे पहले कई विश्व चैंपियनशिप, विश्व कप और अंतर्राष्ट्रीय ग्रां प्री में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और अब तक देश के लिए दस अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं।वह 2021 में ट्रैप शूटिंग इवेंट के जूनियर नेशनल चैंपियन भी बने और 16 साल की उम्र में उनकी सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 18 थी।

## संपादकीय



# 'नैतिक नाकामी' के कारण

दिल्ली के भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख कर केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने का आग्रह किया है। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल कई महीनों से जेल में बंद हैं, पांच महीने से कैबिनेट की बैठक तक नहीं हुई है और न ही विधानसभा सत्र बुलाया जा सका है। मुख्यमंत्री किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते, लिहाजा दिल्ली के छठे वित्त आयोग का गठन नहीं किया जा सका है। यह संविधान का सरासर उल्लंघन है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की कई रपटें सदन में पेश नहीं की जा सकी हैं। दिल्ली अद्र्धराज्य में संवैधानिक, प्रशासनिक, सरकार और अंततः जनता के स्तर पर बहुत कुछ ठप पड़ा है, लिहाजा इस सरकार को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। भाजपा विधायकों ने यह पत्र तब लिखा है, जब विधानसभा चुनाव मात्र 4-5 माह दूर हैं और बर्खास्तगी के बाद वैकल्पिक सरकार बनाना व्यावहारिक नहीं है। चूंकि पत्र विधायकों ने लिखा है, लिहाजा यह राजनीतिक कवायद है। राष्ट्रपति ऐसे पत्रों के आधार पर सरकारें बर्खास्त नहीं किया करते। अलबत्ता औपचारिकता निभाते हुए राष्ट्रपति ने वह पत्र गृह मंत्रालय को भिजवा दिया। यदि दिल्ली के उपराज्यपाल सरकार और राजधानी शहर के हालात पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अपनी रपट भेजते और राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा करते, तो उस पर गंभीर विचार किया जा सकता था। प्रधानमंत्री के साथ भी इस मुद्दे पर विमर्श किया जा सकता था। तब भी यह जरूरी नहीं था कि फाइल 'राष्ट्रपति भवन' भेजी ही जाती। दरअसल यह अध्याय केजरीवाल ने खुद लिखा है। बीते दोनों चुनावों में उनकी आम आदमी पार्टी (आप) को एकतरफा, प्रचंड बहुमत मिला था। दिल्लीवालों ने उसे एक अवसर देना तय किया था। शराब घोटाले में भ्रष्टाचार के आरोप में जब मुख्यमंत्री को ही जेल जाना पड़ा, तो उससे पहले ही केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था। यह केजरीवाल की 'नैतिक नाकामी' थी कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। बेशक संविधान इस संदर्भ में खामोश है कि यदि एक मुख्यमंत्री को जेल होती है, तो उसकी संवैधानिक बाध्यता और व्यवस्था क्या होगी? शायद संविधान रचने वाले हमारे पुरखों ने इस स्थिति की कल्पना तक नहीं की थी कि भ्रष्टाचार के आरोप में किसी मुख्यमंत्री को, बिना सजा सुनाए, जेल में बंद करने की नौबत आ सकती है। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ ने भी केजरीवाल की नैतिकता का फैसला उन्हीं पर छोड़ दिया था। केजरीवाल को अदालत से जमानत भी नहीं मिल पा रही है। इन परिस्थितियों में केजरीवाल एक राष्ट्रवादी आंदोलनकारी की तरह हुंकार भरते रहे हैं कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे। शायद उन्हें जानकारी नहीं थी कि जेल में हदबंदियां और पाबंदियां कितनी होती हैं! वह बैठक तक नहीं कर सकते थे। कैबिनेट की बैठक बुलाना निषेध था। मौखिक रूप से, अपनी पत्नी के जरिए, सरकार के मंत्रियों और 'आप' के ओहदेदारों को कितने निर्देश दे सकते थे? राष्ट्रीय राजधानी में इसके नतीजे सामने और स्पष्ट दिख रहे हैं। केजरीवाल ने अभी तक किसी भी नेता या विधायक पर भरोसा नहीं किया है कि वह उसे नया मुख्यमंत्री बनवा सकते। बेशक पूरी दिल्ली में अराजकता का माहौल है। गर्मियों में आम आदमी को पानी नसीब नहीं हुआ और उसे टैंकर के पानी के लिए हाथापाई तक उतरना पड़ा। मॉनसून का मौसम आया और बारिश होने लगी, तो दिल्ली पानी-पानी हो गई। सांसदों के अतिविशिष्ट क्षेत्र के घरों तक में पानी घुस गया। इतना जलजमाव और जलभराव हुआ कि 50 से अधिक मासूम लोगों की मौत तक हो गई। पानी में करंट तैरने लगा, जिसके संपर्क में आने से भी कुछ मौतें हुईं। चुनाव फरवरी, 2025 से पहले होने हैं। हमें नहीं लगता कि केंद्र सरकार 'राष्ट्रपति शासन' लगाने की पराकाष्ठा तक जाएगी।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## वाणिज्य के क्षेत्र में स्नातक तथा स्नातकोत्तर उपाधि के उपरांत मिलने वाले रोजगार की जानकारी दी

हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज में बुधवार को करियर काउंसिलिग कार्यक्रम में छात्रों को वाणिज्य के क्षेत्र में मिलने वाले रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सर्टिफाइड मैनेजमेंट अकाउंटेंट तुहिन मित्रा ने सर्टिफाइड मैनेजमेंट अकाउंटेंट कोर्स की प्रक्रिया, परीक्षा पैटर्न, कोर्स की अवधि से संबंधित जानकारी दी। बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट, सर्टिफाइड मैनेजमेंट अकाउंटेंट, इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड मैनेजमेंट अकाउंटेंट को पार्लियामेंट एक्ट के अधीन स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए सही समय पर सही कदम उठाने की आवश्यकता हैं।

## हेल्थी बेबी शो में हंसी ने जीता पहला स्थान

हरिद्वार। सूचना विभाग देहरादून के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी एनएस नयाल के निर्देश पर सराय आंगनबाड़ी केंद्र नंबर तीन में हेल्दी बेबी शो का आयोजन हुआ। हेल्थी बेबी शो में प्रथम पुरस्कार 2 वर्ष की हंसी को मिला। द्वितीय पुरस्कार 3 वर्षीय अहमद, तृतीय पुरस्कार 6 माह की बालिका पीहू और चतुर्थ पुरस्कार दो माह के शिवा ने जीता। हेल्दी बेबी शो में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गया। प्रतियोगिता में कुल 20 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी वर्षा शर्मा, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर रागनी जोशी आदि मौजूद रहे।

## कविता पोस्टर प्रतियोगिता में 26 छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के कन्या गुरुकुल परिसर में बुधवार को हिंदी सप्ताह के अवसर पर कविता पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिंदी के सुप्रसिद्ध कवियों की कविताओं का पोस्टर पर प्रदर्शन किया। इसमें कुल 26 प्रतिभागी छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हिंदी दिवस पर कविता पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो.मृदुल जोशी ने बताया कि हिंदी सप्ताह उल्लास से मनाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मृतक अधिवक्ता की पत्नी ने जताई हत्या की आशंका

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र में अगस्त में कार में मृत मिले अधिवक्ता की पत्नी ने उसकी हत्या की आशंका जताकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर बुधवार को हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। सिडकुल थाना इंचार्ज मनोहर सिंह भंडारी ने बुधवार को बताया कि पिछले माह सड़क पर खड़ी कार के अंदर अधिवक्ता सुधीर प्रशांत पुत्र अजब सिंह पंवार का शव मिला था। मामले में मृतक की पत्नी कनिका सिंह ने हत्या की आशंका जताकर पत्र दिया है। पत्र में कनिका सिंह ने बताया कि दस अगस्त को पति सुधीर घर से चिन्मय डिग्री कालेज के पास किसी व्यक्ति से पेपर लेने की बात कहकर गए थे लेकिन वापस लौटकर नहीं आए।

### स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 14 सितंबर से

हरिद्वार। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति की ओर से 14 और 15को शिवडेल स्कूल परिसर में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें सीएम धामी समेत कई प्रमुख नेता भाग लेंगे। शिवडेल स्कूल में पत्रकार वार्ता में समिति के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र रघुवंशी ने बताया कि इसमें केंद्रीय विदेश एवं कपड़ा राज्यमंत्री प्रवित्रा मार्गेरीटा, सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा, सीएम पुष्कर सिंह धामी, असम के सीएम हेमंत विश्व शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, सांसद अनिल बलूनी तथा रानीपुर विधायक आदेश चौहान शामिल होंगे। बताया कि सम्मेलन में शताधिक आयु के 18 स्वतंत्रता संग्राम शामिल हो रहे हैं। उन्हें सरकार ने राजकीय अतिथि घोषित किया है। सम्मेलन में 22 राज्यों से स्वतंत्रता सेनानी/ शहीद परिवारों के वंशज भाग लेंगे।

### बांग्लादेश सरकार हिंदुओं पर अत्याचार रोककर उनके संवर्धन और विकास की व्यवस्था करे : अवधेशानंद गिरी

हरिद्वार। आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और नरसंहार का विरोध किया है। कहा कि बांग्लादेश सरकार हिंदुओं पर अत्याचार रोककर उनके संवर्धन और विकास की व्यवस्था करे। उन्होंने यह बातें श्रीपंच दश नाम जूना अखाड़े में आयोजित कार्यक्रम में कही। श्रीपंच दश नाम जूना अखाड़े में बांग्लादेश में मारे गए सैकड़ों हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए यज्ञ किया गया। जूना अखाड़े में नगर की अधिष्ठात्री देवी महामाया देवी और नगर रक्षक आनंद भैरव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना भी की गई। जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि के संयोजन में अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर जूना पीठाधीश्वर श्रीमहंत अवधेशानंद गिरि ने शांति यज्ञ में पवित्र मंत्र उच्चारण के साथ नागा संन्यासियों की उपस्थिति में आहुतियां डाली तथा मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### फेरुपुर से पथरी जाने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव फेरुपुर से पथरी लक्सर मार्ग करीब 200 मीटर खराब व्यवस्था में पड़ा है। दो सौ मीटर सड़क में गहरे गड्ढे बने हुए हैं। ग्रामीणों की मांग के बाद भी सड़क में बने गड्ढों को बंद नहीं कराया गया है। राहगीरों को नोकीले पत्थरों और गड्ढों में भरे पानी से होकर अपने गांव को पहुंचना पड़ रहा है। गांव फेरुपुर से पथरी जाने वाले मार्ग पिछले करीब छह माह से लगभग दो सौ मीटर लंबी सड़क गड्ढों में तब्दील है। गड्ढों में नालियों व बरसात का गंदा पानी भरा हुआ है। लोक निर्माण विभाग की लापरवाई के चलते सड़क को नहीं बनवाया गया है। आये दिन राहगीर सड़क में निकले नुकीले पत्थरों और गड्ढों में गिरकर घायल भी हो रहे हैं।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में चाकू लेकर घूम रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बुधवार की एसएसआई राजेश बिष्ट ने बताया कि रेगुलेटर पुल के पास से आरोपी आकाश निवासी नया गांव की चेकिंग के दौरान तलाशी ली गई। तलाशी में चाकू बरामद हुआ।

### दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन सूचना विभाग करेगा

हरिद्वार। केंद्रीय संचार ब्यूरो राष्ट्रीय पोषण मिशन को लेकर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। ज्वालापुर इंटर कॉलेज में दो दिवसीय दृश्य चित्र प्रदर्शनी, जागरूकता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गुरुवार से होगी। प्रदर्शनी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर भी लगाया जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्र में बिजली अघोषित कटौती नहीं रुक रही

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के लगभग 40 गांवों में प्रतिदिन 20 हजार की आबादी को तीन घंटे बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ रही है। कटौती के चलते लोगों को रात में नींद भी नहीं आ रही है। ग्रामीणों ने बिजली कटौती को बंद करने की मांग की है। पथरी फीडर से जुड़े लगभग 40 गांव में प्रतिदिन अघोषित बिजली कटौती जारी है। दिन और रात में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं और रोजमर्रा के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ऊर्जा निगम बिजली कटौती को रोस्टिंग का नाम देकर अपना पल्ला झाड़ रहा है।

### अवैध अतिक्रमण को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

हरिद्वार। गोल गुरुद्वारा के निवासियों और नेहरू युवा केंद्र के सचिव ने बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान को ज्ञापन दिया। उन्होंने भगत सिंह चौक और सेक्टर-2 बैरियर के आसपास सड़क पर अतिक्रमण हटाने की मांग की। निवर्तमान पार्षद अनुज सिंह ने कहा कि भगत सिंह चौक व सेक्टर-2 बैरियर के आसपास अवैध अतिक्रमण के साथ ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे क्षेत्रवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिलाएं मार्ग से नहीं निकल पाती है। कबाड़ के खोखे रखे हुए हैं। सड़क पर सामान फैला रहता है। कई बार आग लगने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। कहा कि अवैध अतिक्रमण को सड़क से जनहित में हटाया जाना चाहिए।

### गढ़वाल विवि में बीटेक विभाग के छात्रों को नहीं मिल रहा एनईपी का लाभ

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में इंजीनियरिंग विभाग में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति (एनईपी) का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां छात्र लंबे समय से बीटेक द्वितीय वर्ष में अपना ट्रेड बदलना चाह रहे हैं, लेकिन विभाग इसकी अनुमति नहीं दे रहा है। जोकि नई शिक्षा नीति-2020 का खुला उल्लंघन है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि में आरटीआई भी दायर की गई है, लेकिन अभी तक विवि प्रशासन ने आरटीआई का जवाब नहीं दिया है। बता दें कि पूरे देश में एनईपी वर्ष 2021 में लागू हो गई थी।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# श्री गुरु राम राय महाराज जी के महानिवार्ण पर्व पर जुटीं देश विदेश से संगतें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 12 सितंबर , श्री गुरु राम राय जी महाराज का 338वां महानिर्वाण पर्व इस वर्ष भी परंपरागत स्वरूप में बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। दरबार श्री गुरु राम राय जी महाराज के सज्जादानशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने महानिर्वांण पर्व पर विशेष पूजा अर्चना की। श्री महाराज जी श्री झण्डे जी परिसर के निकट स्थित तालाब के किनारे श्री गुरु राम राय जी महाराज को तर्पण अर्पित किया। इसके पश्चात 17 पुरोहितों द्वारा चावल, दूध, शहद, गंगाजल, घी एवं शक्कर का पिण्ड बनाकर पूजन किया गया।

श्री दरबार साहिब के आचार्य, पण्डित व पुरोहितों ने पूजा-अर्चना में सहयोग किया। इसके पश्चात संगत को फलों का प्रसाद वितरित किया गया। देश के कोने-कोने से तथा विदेश से भी आये श्रद्धालुओं को श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने आशीर्वाद दिया। तदोपरान्त विशेष लंगर का आयोजन किया गया। सायं-काल में श्रद्धालुओं को हलवा-पूरी एवं चूरमा का प्रसाद वितरित किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से आये हजारों वृद्ध, युवा ने इस महानिर्वाण पर्व की पूजा अर्चना का साक्षी बनकर अपने आपको धन्य महसूस किया। महानिवार्ण पर्व में शामिल होने आई संगतों ने श्रद्धाभाव के साथ पूजा अर्चना में भाग लिया। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के डॉक्टरों की टीम मेडिकल सहायता के लिए श्री दरबार साहिब में उपलब्ध रही।

श्री गुरु राम राय जी महाराज का जन्म 1646 ई0 में चैत्र मास की पंचमी को हुआ था। वर्ष 1676 में श्री गुरु महाराज जी देहरादून आये थे। देहरादून को श्री गुरु महाराज जी ने अपनी कर्मस्थली बनाकर पावन किया। श्री गुरु राम राय जी महाराज के डेरे के नाम से ही नगर का नाम देहरादून पड़ा। भाद्रसुदी 8 सवंत 1744 (4 सितम्बर सन् 1687) को वे परमात्मा का ध्यान करते हुए परमात्मा में लीन हो गये। श्री गुरु महाराज जी की आत्मा को अमर मानते हुए संगत समाधि की सेवा करती हैं और श्रद्धालु इस दिन को महानिर्वाण पर्व के रूप में मनाते हैं।

श्री दरबार साहिब के श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने कहा कि गुरु ही साक्षात परब्रह्म है। गुरु को ईश्वर से भी ऊपर का स्थान प्राप्त है। क्योंकि गुरु के ज्ञान व गुरु के बताए मार्ग से हम ईश्वर को प्राप्त कर सकते हैं। गुरु पर्व पर अपने गुरु के प्रति आस्था प्रकट की जाती है। गुरु पर्व गुरु के प्रति सम्मान एवम् समर्पण का पर्व है। इस दिन गुरु की पूजा करने से गुरु की दीक्षा का पूरा फल उनके शिष्यों को मिलता है। किसी व्यक्ति को अध्यात्म की दिशा में बढ़ने के लिए उन्हें गुरु की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों के सुख, समृद्धि व शांति की अरदास भी की। श्री दरबार साहिब में सुबह से लेकर देर शाम तक संगतों का तांता लगा रहा है। संगतों ने श्री झण्डे साहिब, श्री दरबार साहिब के दर्शन किये व श्री महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

**निःशुल्क रक्तदान शिविर में 154 यूनिट रक्तदान :** श्री गुरु राम राय जी महाराज के महानिर्वाण पर्व को समर्पित रक्तदान शिविर में संगत ने 154 युनिट रक्तदान किया। श्री गुरु राम राय जी के महानिर्वाण पर्व पर श्री महाकाल सेवा समिति द्वारा श्री महंत इंदिरेश अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में परम पूज्य श्रीमहंत देवेंद्र दास जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।

श्रीमहाराज जी ने रक्तदान दाताओं को को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और सभी को आशीर्वाद दिया। उन्होंने श्री महाकाल सेवा समिति द्वारा किए जा रहे रचनात्मक और सामाजिक कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की इस दौरान प्रख्यात भागवताचार्य श्री सुभाष जोशी जी, मैं हूं सेवादार के संस्थापक संदीप गुप्ता, युवा सेवा दल से निलेश माटा, विनित नागपाल, श्री पृथ्वी नाथ सेवादल से संजय गर्ग, नवीन गुप्ता, विवेक मोहन श्रीवास्तव और महाकाल सेवा समिति से हेमराज अरोड़ा, विनय प्रजापति, आयुष जैन, गौरव जैन, बालकिशन शर्मा, संजीव गुप्ता, नितिन अग्रवाल, राहुल माटा, विक्रम चैधरी, कृतिका राणा, अनुष्का राणा आदि उपस्थित रहे।

# भूमि को विनियमित किये जाने के सम्बंध में गंभीरतापूर्वक हो कार्य : सौरभ बहुगुणा

■ उपसमिति के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में हुई बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 12 सितंबर , राज्य की विभिन्न श्रेणियों की भूमि को विनियमित किए जाने के संबंध में गठित मंत्रिमंडल की उपसमिति की एक बैठक का आयोजन सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में किया गया।

उपसमिति के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में वर्ग(3), वर्ग(4) व अन्य विभिन्न श्रेणी की सरकारी भूमि पर अवैध अध्यासियों के संबंध में चर्चा हुई। वन मंत्री को इस अवसर पर अवगत कराया गया कि इन भूमि के सम्बंध में समस्त जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई थी जिसमें दो जनपदों को छोड़कर बाकी सभी ने अपनी रिपोर्ट उपलब्ध करा दी है।

बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि को विनियमित किये जाने के सम्बंध में बेहद गंभीरतापूर्वक कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द उपसमिति की बैठक पुनः बुलाई जाए ताकि इनसे जुड़े मामलों पर निर्णय हो सके। बैठक में खाम भूमि सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु आदि उपस्थित रहे।

## बीरोंखाल में माह भर से बंद है पेट्रोल पंप

पौड़ी। विकासखंड बीरोंखाल के गुडिंडा पंप पर एक महीने का समय गुजर जाने के बावजूद भी क्षेत्र के वाहन चालकों को डीजल और पेट्रोल नहीं मिलने से लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। लोग मजबूरी में अपने वाहनों के लिए लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर दूर रामनगर, कोटद्वार, पौड़ी से डीजल और पेट्रोल लाकर काम चला रहे हैं। वाहन चालकों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पंप पर डीजल,पेट्रोल उपलब्ध नहीं कराया गया तो आंदोलन किया जाएगा। जय कालिंका मां टैक्सी-मैक्सी यूनियन अध्यक्ष संजय धोलाखंडी, अभिषेक नेगी, जेटी सिहं, धर्मेन्द्र सिहं, तेजपाल सिहं, कुलदीप नेगी का कहना हैं कि गुडिंडा डीजल पंप पर डीजल और पेट्रोल नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रहीं हैं। वहां अपने वहानों को चलाने के लिए पौड़ी, रामनगर, कोटद्वार से डीजल और पेट्रोल लाकर काम चला रहे हैं। बताया कि पौड़ी से लेकर रामनगर के बीच कोई डीजल और पेट्रोल पंप नहीं हैं। क्षेत्र का एक मात्र डीजल पंप गुडिंडा में हैं जो एक माह से बंद हैं। पंप बंद रहने से बीरोंखाल, बैजरों, थलीसैंण, रसिया महादेव, बेदीखाल, मैठाणाघाट, चौखाल, धुमाकोट घुमने आ रहे पर्यटकों सहित आम लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। उधर बीरोंखाल की सहायक खाद्य निरीक्षक शशीकला रावत ने बताया कि गुडिंडा डीजल पंप संचालक बीमार होने से उनके द्वारा केवाईसी नहीं कराई गई हैं। इससे लेन-देन करने में दिक्कत हो रही हैं। पंप संचालक को शीघ्र डीजल और पेट्राल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## छात्रा को दिलाई बेटी बचाओ की शपथ

पौड़ी। राजकीय महाविद्यालय पाबौ में बुधवार को बेटी बचाओ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बेटी बचाओ की शपथ भी दिलाई गई। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राध्यापिका डा. तनुजा रावत ने छात्र-छात्राओं को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एवं लिंग परीक्षण कानूनन अपराध है। इस मौके पर प्रो.सत्यप्रकाश शर्मा, डा.सुनीता चौहान, डा.मुकेश शाह, डा.सौरभ सिंह, डा..धनेंद्र सिंह, दीपक कुमार आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलों में सदस्यता अभियान में आ रही है तेजी : भट्ट

पौड़ी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बुधवार को पौड़ी में सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान महेंद्र भट्ट ने कहा कि हर बूथ पर दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य है। पौड़ी जिले में एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। अभी तक करीब 11 हजार सदस्य बन गए है। बुधवार को पौड़ी -कोटद्वार रोड पर बूथ संख्या 114 पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सदस्य बनाने की शुरूआत की। इस दौरान दो सदस्य लक्ष्मण सिंह और रीता देवी को बनाने हुए उन्होंने इस अभियान की शुरूआत की। बैठक में महेंद्र भट्ट ने कहा कि वह हर जिले में बूथों का भ्रमण कर रहे है। सदस्यता अभियान को गति दी जा रही है। कहा कि सभी पदाधिकारी सदस्यता अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें, ताकि निर्धारित लक्ष्य हासिल हो सके। कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा जाए। विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने भी सदस्यता अभियान में गति लाने पर जोर दिया। पार्टी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में सदस्यता अभियान के संयोजक संपत सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, जिला मंत्री शशि चंद्र रतूड़ी, मंडल अध्यक्ष क्रांति किशोर, विवेक मंमगाई, जगत किशोर बड़थ्वाल, यशपाल बेनाम, ओपी जुगरान, कुलदीप नेगी और दिगम्बर नेगी आदि भी मौजूद रहे।

### कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

पौड़ी। राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा ने जिला कार्यकारिणी का विस्ज्ञतार कर दिया है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंकित घाघट ने बताया कि कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मनीष, दीपक गोड़ियाल, सुमित रिड़ियान, नवीन चुनियाल व शुभम कुमार को सचिव चुना गया है। बताया कि कार्यकारिणी में मोहन सहदेव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बलराम बागवानी को को मुख्य सलाहरकार, सतीश सौदे को सलाहकार, सोनू कुमार, राजीव सिलेमान व अक्षय वैध को उपाध्यक्ष, चंद्र प्रकाश गोड़ियाल को प्रमुख महामंत्री, किशोर कुमार व मनीष को संगठन सचिव, अंकुश चुनियाल को प्रचार सचिव, कुलदीप कुमार को कोषाध्यक्ष और अश्वनी चुनियाल को संघरक्षक चुना गया है।

### स्कूल में पेयजल किल्लत से छात्र परेशान

पौड़ी। राइंका दोमटखाल में पेयजल सुविधा नहीं होने से छात्र-छात्राएं परेशान है। जिम्मेदार नागरिक मंच ने जल संस्थान के महाप्रबंधक को ज्ञापन भेजकर जल्द ही स्कूल में पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है। महाप्रबंधक को भेजे गए ज्ञापन में जिम्मेदार नागरिक मंच के संयोजक धर्मवीर रावत ने कहा कि राइंका दोमटखाल जिला मुख्यालय पौड़ी से करीब 14 किमी की दूरी पर स्थित है। स्कूल में पिछले लंबे समय से पेयजल की दिक्कत बनी हुई है। बताया कि कई बार जल संस्थान से लेकर जिला प्रशासन को पेयजल दिक्कत को लेकर शिकायत की गई लेकिन आज तक पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाए गए। ज्ञापन में मंजू देवी, अनीता, सुमन, प्रमोद, सुदेश कुमार, जगदीश सिंह, अतुल तड़ियाल, अरविंद खंडूड़ी, कैलाश आदि शामिल थे।

### जोगड़ी गांव में विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने पर रोष

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड खिर्सू के अंतर्गत ग्राम सभा जोगड़ी में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से न होने पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जल्द विद्युत व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है। ग्राम प्रधान जोगड़ी अनिल सिंह रावत, विक्रम सिंह, शशि मोहन, प्रेम सिंह, मान सिंह, अजमेर सिंह ने बताया कि लम्बे समय से गांववासियों को विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने से परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। बताया कि तेज हवा और बारिश के दिनों में एक फेज आने के कारण लगभग सौ परिवारों की विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है। गांव में लगातार इस तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिससे ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है।